संख्या-16-3234/86-2014-134/2014

प्रेषक,

गेन्दन लाल,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
भूत्तव एवं खनिकर्म, उ0प्र0,
लखनऊ।

भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग लखनऊ दिनांक 29 अक्टूबर, 2014

विषय- भूतत्व एंव खनिकर्म निदेशालय के अंतर्गत खनिज मोहर्रिर/खनिज लिपिक के सृजित/रिक्त 58 पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक प्रतिस्पर्धात्मक निविदा के माध्यम से न्यूनतम दरों पर सेवाप्रदाता एजेन्सी से आउटसोर्सिगं के आधार पर कर्मियों को रखे जाने के संबंध में।

महोदय,

उपयुर्क्त विषयक अपने पत्र संख्या-720/ई-आर0सो0/14, दिनांक 24-06-2014 के क्रम में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि उ0 प्र0 भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के अंतर्गत खनिज माहर्रिर/खनिज लिपिक के सृजित/रिक्त 58 पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक प्रतिस्पर्धात्मक निविदा के माध्यम से न्यूनतम दरों पर सेवाप्रदाता एजेन्सी से आउटसोर्सिगं के आधार पर कर्मियों को रखे जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2; उक्त व्यवस्था नितान्त काम चलाऊ होगी तथा किसी भी समय शासन द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती हैं।

3; उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-4 के लेखाशीर्षक "2853-अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग-आयोजनेत्तर-02-खानों का विनियमन तथा विकास-001-निदेशन तथा प्रशासन-03, ,खनन प्रशासन की योजना" के अन्तर्गत संगत मानक मद के नामें डाला जायेगा।

4: यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0 पत्र संख्या-ई-6-600/दस-2014, दिनांक 22-10-2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(गेन्दन लाल)
उप सचिव

संख्या-3234(1)/86-2014 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- महालेखाकार, (लेखापरीक्षा) प्रथम, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2- निदेशक, वित्तीय एंव सांख्यिकीय, निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6/वित्त(वे0आ0)-1/2
5- इन्टरनेट पर अपलोड हेतु।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(गेन्दन लाल)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in